DAILY CURRENT AFFAIRS 5ST SEPTEMBER 2017

अन्तर्राष्ट्रीय

1. ब्रिक्स शिखर सम्मेलन ज़ियामेन में प्रारंभ

ब्रिक्स देशों - ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का नौवां शिखर सम्मेलन – समुद्रतट से जुडा चीनी शहर ज़ियामेन में प्रारंभ हुआ।

- उभरते हुए ये पांच राष्ट्र वैश्विक अनिश्चितता के समय में संरक्षणवाद और वैश्वीकरण पर एक मजबूत संदेश भेजने का प्रयास करते हैं।
- भारत वैश्विक आतंकवाद पर अपनी चिंताओं पर जोर देगा, जो की प्रधान मंत्री के द्वारा किये गये हस्तक्षेप और ज़ियामेन घोषणा में भी परिलक्षित होगा।

राष्ट्रीय

2. राष्ट्रपति ने सौराष्ट्र-नर्मदा अवतरण सिंचाई योजना की चौथी नहर की आधारशिला रखी

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने गुजरात के राजकोट जिले में **सौराष्ट्र-नर्मदा अवतरण सिंचाई परियोजना** की चौथी नहर की आधारशिला रखी।

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल के दौरान यह योजना का शुभारंभ करवाया था। इसके हेतु करीब 115 बड़े बांधों को सरदार सरोवर नर्मदा डैम के ओवरफ्लो होने वाले पानी से भरने का है। इनसे सात सौ से अधिक छोटे बांधों और चेक डमों को भी पानी से भरा जायेगा जिससे इस क्षेत्र के किसानों के लिए सिंचाई की सुविधा बढ़ेगी।
- इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल श्री ओ.पी.कोहली, मुख्यमंत्री विजय रूपानी और उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल उपस्थित थे।

3. सीमावर्ती बलों की सहायता करने के लिए वास्तविक समय उपग्रह जानकारी

बेहतर सीमा निगरानी के लिए सरकार सीमा-सुरक्षा बल (बीएसएफ), इंडो-तिब्बती सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के लिए एक समर्पित उपग्रह बैंडविड्थ की योजना बना रही है।

- यह उपाय सीमावर्ती सुरक्षा बलों को वास्तविक समय में पाकिस्तानी और चीनी सैनिकों की आवाजाही पर निगरानी रखने, आतंकवादी घुसपैठ को ट्रैक करने, दूरदराज के इलाकों में प्रभावी ढंग से संवाद, सीमावर्ती इलाकों के पास पड़ोसियों द्वारा तैनात सैनिकों और तोपखाने की ताकत का आकलन करने के लिए सक्षम बनाएगा।

SABDHANI COACHING INSTITUTE

- भारत पाकिस्तान, चीन, बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार के साथ 15,000 किमी से अधिक की सीमा साझा करता है। वर्तमान में सशस्त्र बलों के द्वारा जमीन और समुद्री सीमाओं की निगरानी करने के लिए 13 इसरो उपग्रहों का उपयोग किया जा रहा है।
- नौसेना के पास एक समर्पित सैन्य उपग्रह, जीएसएटी -7 या 'रुक्मिणी' हैं जो हिंद महासागर क्षेत्र पर नज़र रखता है।

व्यवसाय

4. ब्रिक्स देशों के पांच बैंको ने क्रेडिट लाइन के लिए समझौते किए

ब्रिक्स बैंक सहकारिता व्यवस्था के पांच बैंक राष्ट्रीय मुद्राओं में ऋण देने और क्रेडिट रेटिंग पर सहयोग देने पर सहमत हो गए हैं।

- ब्रिक्स सम्मेलन से पहले इस आशय के समझौते पर चीन के ज़ियामेन शहर में हस्ताक्षर किए गए।
- ब्राजीलियन डेवलपमेंट बैंक, विनेश-इकोनोम-बैंक, भारतीय आयात-निर्यात बैंक, चाइना डेवलपमेंट बैंक और डेवलपमेंट बैंक ऑफ साउथ अफ्रीका ने बीजिंग में इस पर हस्ताक्षर किए।
- क्रेडिट रेटिंग पर समझौते से आंतरिक क्रेडिट रेटिंग और रेटिंग के आकलन के बारे में सूचना साझा करने में मदद मिल सकेगी।
- ब्रिक्स सम्मेलन से पहले ब्रिक्स देशों के न्यू डेवलपमेंट बैंक- एन डी बी ने एक अरब 40 करोड़ अमरीकी डॉलर के ऋण भारत रूस और चीन में सतत विकास की परियोजनाओं के लिए मंजूर किए।
- भारत के लिए एन डी बी ने 47 करोड़ डॉलर का ऋण मध्य प्रदेश की बहु-ग्राम ग्रामीण पेयजल आपूर्ति परियोजना के लिए दिया जा रहा है।

5. जुलाई के अंत में राजकोषीय घाटा बजट अनुमान के 92.4 %पर पहुंचा

देश का राजकोषीय घाटा जुलाई अंत में पूरे वर्ष के बजट अनुमान का 92.4 प्रतिशत तक पहुंच गया।

- ऐसा विभिन्न सरकारी विभागों के लिए आबंटित वार्षिक खर्च का बड़ा हिस्सा वर्ष के शुरुआती महीनों में ही जारी करने की वजह से हुआ है।
- पिछले वर्ष इसी अवधि में राजकोषीय घाटा पूरे वर्ष के बजट अनुमान का 73.7 प्रतिशत रहा था। वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान सरकार ने राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) के 3.2 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य रखा है।
- राजकोषीय घाटा सरकार के व्यय और राजस्व के बीच अंतर है।

SABDHANI COACHING INSTITUTE

विज्ञान और प्रौद्योगिकी

6. लॉकी रैन्समवेयर ने भारतीय साइबरस्पेस को आघात किया

लॉकी, एक घातक “रैन्समवेयर” ने भारत के साइबरस्पेस पर आघात किया है। सरकारी कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी-इन) ने देश में लॉकी रैन्सनवेयर के प्रसार पर एक सलाह जारी की है, जिसमें उपयोगकर्ताओं को अज्ञात प्रेषकों से अनुलग्नकों के साथ किसी भी ईमेल को नहीं खोलने का आग्रह किया गया है।

- सीईआरटी ने नागरिकों और बड़े संगठनों दोनों को “प्रिंट करें”, “दस्तावेज़”, “फोटो”, “इमेजेज”, “स्कैन” और “चित्र” जैसे विषयों के साथ आये हुए ईमेल नहीं खोलने की सलाह दी।

पुस्तकें

7. नेबर्स इन आर्म्स: - लैरी प्रेसलर

अमेरिकी सीनेट के हथियार नियंत्रण उपसमिति के अध्यक्ष के रूप में, लैरी प्रेसलर ने प्रसिद्ध प्रेसलर संशोधन की अगुवाई की, जिसे 199 0 में लागू किया गया,जब राष्ट्रपति जॉर्ज एचडब्ल्यू बुश यह प्रमाणित नहीं कर सके कि पाकिस्तान परमाणु हथियार विकसित नहीं कर रहा।



- नेबर्स इन आर्म्स पुस्तक में, सीनेटर लैरी प्रेसलर ने लिखा है कि जब प्रेसलर सुधार चल रहा था, तो भारत ,अमेरिका और पाकिस्तान के राष्ट्रपतियों, प्रधान मंत्री, सीनेटरों और जनरलों के मध्य विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित करती है।

खेल

8. हॉकी इंडिया ने रोलेंट ओल्टमंस को मुख्य कोच पद से हटाया

हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय कोच रोलेंट ओल्टमंस को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टीम के लगातार औसत प्रदर्शन के बाद पद से हटा दिया। हाई परफार्मेंस निदेशक डेविड जॉन फिलहाल टीम के अंतरिम कोच होंगे।

- यह फैसला हॉकी इंडिया की हाई परफार्मेंस और डिवेलपमेंट कमिटी की तीन दिवसीय बैठक में लिया गया।
- हालाँकि रोलेंट ओल्टमंस ने मुख्य कोच के रूप में टीम की फिटनेस सुधारने पर काफी काम किया लेकिन टीम का प्रदर्शन आशातीत नहीं रहा।

SABDHANI COACHING INSTITUTE

- 2018 में एशियाई खेलों, विश्व कप और 2020 ओलिंपिक खेलों में उम्दा प्रदर्शन के लिए उठाया गया।

9. एकदिवसीय क्रिकेट में 100 स्टंपिंग करने वाले पहले विकेटकीपर बने महेंद्र सिंह धोनी

पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 100 स्टम्पिंग करने वाले पहले विकेटकीपर बन गए हैं।

- धोनी ने लैग स्पिनर युजवेंद्र चहल की गेंद पर अकिला धनंजया को स्टम्प करके अपने 301वें एकदिवसीय मैच में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा के रिकॉड को तोड़ा।

10. अमेरिकी कवि जॉन अशबेरी का निधन

जॉन आशबेरी, आधुनिक कविता के एक रहस्यमय कवि, जिनकी ऊर्जा, साहस और भाषा पर असीम पकड़ ने अमेरिकी कविता को शानदार एवं आश्चर्यजनक ऊंचाइयों तक पहुचाया, का 90 साल की उम्र में निधन हो गया।

- पुलित्ज़र पुरस्कार विजेता एवं नोबेल उम्मीदवार के रूप में नामित आशबेरी का निधन हडसन,न्यूयॉर्क में हुआ।
- उनके 1975 का संग्रह, "स्व-पोर्ट्रेट इन ए कोवेक्स मिरर", पुस्तक ने अनौपचारिक तीन मुख्य पुरस्कार- पुलित्जर पुरस्कार, नेशनल बुक पुरस्कार और नेशनल बुक क्रिटिक्स सर्कल पुरस्कार प्राप्त की थी। 2011 में, उन्हें एक राष्ट्रीय मानवता पदक दिया गया था।

SABDHANI COACHING INSTITUTE